No. of Printed Pages/Questions:6/11

O. P. JINDAL SCHOOL, SAVITRI NAGAR

Half Yearly Examination - (2026 – 2027)

Class: VII **MM: 50**

Subject: HINDI **Time: 2Hrs.**

सामान्य निर्देश :–(1) इस प्रश्न पत्र में चार खण्ड 'क', 'ख', 'ग' और 'घ', 11 प्रश्न और 6 पृष्ठ हैं।

(2) चारों खण्ड अनिवार्य हैं।

(3) प्रश्नों के सभी उपभागों के उत्तर क्रमशः एक साथ लिखिए।

(4) उत्तर–पुस्तिका में उत्तर के साथ वही क्रम संख्या लिखिए जो प्रश्न–पत्र में दी गई है।

(5) निर्धारित समय–सीमा 2:00 घंटे + 15 मिनट हैं।

(खण्ड–'ख' 10 अंक)

प्र01गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर उस पर आधारित प्रश्नों के उत्तर दीजिए। **(1X3+1X2=5)**

भारत के ऋषि मुनि जानते थे कि प्रकृति जीवन का स्त्रोत है और पर्यावरण के समृद्ध और स्वस्थ होने से ही हमारा जीवन भी समृद्ध और सुखी होता है। वे प्रकृति की दैवीशक्ति के रूप में उपासना करते थे और उसे 'परमेश्वरी' भी कहते थे। उन्होंने पर्यावरण पर बहुत गहन चिंतन किया। जो कुछ पर्याावरण के लिए हाानिकारक था, उसे आसुरी प्रवृत्ति कहा और जो हितकर था , उसे दैवीय प्रवृत्ति माना।भारत के पुराने ग्रंथों में वृक्षों और वनों के रूप में किया गया है। उनको संतान की तरह पाला जाता है और हरे– भरे पेड़ों को अपने किसी स्वार्थ के लिए काटना पाप कहा जाता है। अनावश्यक पेड़ों को काटने पर दंड का विधान भी है। मनुष्य यह समझता है कि समस्त प्राकृतिक संपदा पर केवल उसी का आधिपत्य है। हम जैसा चाहे, इसका उपयोग करें। इसी भोगवादी प्रवृत्ति के कारण मानव ने इसका इस हद तक शोषण कर लिया है कि अव उसका अस्तित्व संकट में पड़ गया है। वैज्ञानिक बार–बार चेतावनी दे रहे हैं कि प्रकृति की रक्षा करो, अन्यथा मानव जाति नहीं बच पाएगी।भारतीय संस्कृति में वृक्षों की रक्षा और महत्व को 'तुलसी' और 'पीपल' के उदाहरणों से समझा जा सकता है। इन जीवनोपयोगी वृक्षों की देवी–देवताओं की तरह पूजा की जाती है। पर्यावरण की दृष्टि से वृक्ष को परम रक्षक और मित्र बताया गया है। यह हमें अमृत प्रदान करता है, दूषित वायु को स्वयं ग्रहण करके हमें प्राणवायु देता है, मरूस्थल का नियंत्रक होता है, नदियों की बाढ़ रोकता है और जलवायु को स्वच्छ बनाता है। इसलिए हमें वृक्षमित्र होकर जीवन–यापन करना चाहिए।

(I) गद्यांश में 'आसुरी प्रवृति' का आशय है ?

अ राक्षसी प्रवृति

ब मानवता की विनाशक प्रवृति

स पर्यावरण के लिए अहितकर प्रवृति

द हानिकारक प्रवृति

(II) पर्यावरण प्रदूषण का कारण हैं कि मनुष्य –

अ प्रकृति पर अपना एकाधिकार मानता है।

ब प्रकृति के दोहन के लिए प्रयास करता है।

स जीवन की सुखमयता के लिए स्वार्थी हो जाता है।

घ प्रकृति के संरक्षण के लिए प्रयास नहीं करता।

(III) कथन (A) और कारण (R) को पढ़कर उपयुक्त विकल्प चुनिए–

कथन (A) : पर्यावरण की दृष्टि से वृक्ष को रक्षक और मित्र बताया गया है।

कारण (R) : यह दूषित वायु को ग्रहण करके उसे प्रदूषित करता है।

(अ) कथन (A) गलत है,किन्तु कारण (R) सही है।

(ब) कथन (A) सही है और (R) गलत हैं।

(स) कथन (A) सही है, और कारण (R) कथन (A) की सही व्याख्या है।

(द) कथन (A) सही है, किन्तु कारण (R) कथन (A) की सही व्याख्या नहीं है।

(iv) भारत के पुराने ग्रंथों में वृक्षों का चित्रण किस रूप में हुआ है ?

(v) वैज्ञानिक बार–बार क्या चेतावनी दे रहे हैं और क्यों ?

प्र02 पद्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के सही विकल्प चुनकर लिखिए– (1X3+2=5)

फूलों को पाने से पहले, शूलों को अपनाना है,

सहज नहीं फूलों को पाना, पहले काँटें चुभते हैं,

कठिन राह चलने से ही पग में छाले दुखते हैं

मोती के लिए समुंदर में तुमको गोता खाना है

फूलों को पाने के लिए शूलों को अपनाना है

मंज़िल तक जाने से पहले पग पर बाधाएँ है

एक नहीं जाने कितने ही खड़ी हुई विपदाएँ हैं

उन्हें रौंदकर आगे बढ़कर, भय को दूर भगाना है

गिरना और सम्हल कर बढ़ना, साहस के साथ निभाना है

विजय चाहते हो जीवन में तो, दृढ़ता से बढ़ते जाना है

हार नहीं सकता वह जिसने सीखा नित मुसकाना है

फूलों को पाने से पहले शूलों को अपनाना है।

क फूलों को पाने से पहले किसे अपनाना चाहिए ?

अ काँटों को

ब कलियों को

स लोहों को

द हथियारों को

ख कविता के अनुसार मोती कहाँ पाई जाती है ?

अ तालाबों में ब नदियों में

स सागर में द झीलों म

ग कथन (A) और कारण (R) को पढ़कर उपयुक्त विकल्प चुनिए–

कथन (A) : मंज़िल प्राप्त करने से पहले मुश्किलों का सामना करना पड़ता है।

कारण (R) :मुश्किलों का सामना बिना डरे करना चाहिए।

(अ) कथन (A) गलत है,किन्तु कारण (R) सही है।

(ब) कथन (A) और कारण (R) दोनों ही गलत हैं।

(स) कथन (A) सही है, और कारण (R) कथन (A) की सही व्याख्या है।

(द) कथन (A) सही है, किन्तु कारण (R) कथन (A) की सही व्याख्या नहीं है।

घ जीवन में कौन विजय प्राप्त करता है ?

ङ कविता के माध्यम से कवि क्या संदेश देना चाह रहे है ?

(खण्ड–'ख'10 अंक)

प्र0 3 नीचे लिखे प्रश्नों के उत्तर निर्देशानुसार लिखिए (कोई चार') (1X4=4)

क 'दिग्गज' का संधि विच्छेद कीजिए

ख सम् + वाद' का संधि कीजिए।

ग नमस्कार' संधि विच्छेद कीजिए

घ 'शिक्षक' सभा में उपस्थित हैं।' रेखांकित शब्दों के वचन बदलिए।

ङ मच्छरों ने गंदगी फैला रखी है। रेखांकित शब्द में कौन सा वचन है।

प्र04 नीचे लिखे प्रश्नों के उत्तर निर्देशानुसार लिखिए– (कोई तीन') (1X3=3)

क 'गौशाला' का समास विग्रह कर समास का नाम लिखिए।

ख 'रातोंरात' किस समास का उदाहरण है ?

ग 'लंबा है उदर जिसका' का समस्त पद बनाकर भेद का नाम लिखिए।

घ 'चौराहा' ' का समास विग्रह कर समास का नाम लिखिए।

प्र05 नीचे लिखे प्रश्नों के उत्तर निर्देशानुसार लिखिए (कोई तीन) (1X3=3)

क संख्यावाचक विशेषण का प्रयोग करके एक वाक्य बनाइए।

ख 'दादाजी ने बाजार से दो किलोग्राम आम खरीदा।' रेखांकित शब्द में विशेषण का कौन–सा भेद है।

ग यह लड़की कल भी आई थी। रेखांकित शब्द में विशेषण का कौन–सा भेद है।

घ सप्ताह' और 'लोभ' शब्दों से विशेषण बनाइए।

खंड–'ग' (पाठ्यपुस्तक 20 अंक)

प्र06 गद्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के सही विकल्प चुनकर लिखिए– (1X4=4)

आमतौर पर शहरों में गरमी के मौसम में पानी की कमी और बढ़ जाती है। जिसके कारण घरों के नलों में पानी आ हो जाता है और मजबूरन पानी खरीदना पड़ता है। इसी कारण से शहरों में कई चीजों की तरह पानी भी बिकने लगा है। प्रदेशों की राजधानियों में और दिल्ली ,मुंबई, कोलकाता, चेन्नई और बैंगलोर जैसे बड़े शहरों में पानी की समस्या बढ़ गई है। बरसात के मौसम में सब तरफ पानी–ही पानी बहने लगता है। घर, स्कूल सड़कों रेल की पटरियों पर पानी भर जाता है। देश के कई भाग बाढ़ में डूब जाते हैं। यह बाढ़ न गाँवों को छोड़ती है और न मुंबई जैसे बड़े शहरों को। कुछ दिनों के लिए सब कुछ थम जाता है, सब कुछ बह जाता है।

क किस मौसम में नलों में पानी आने का कोई निश्चित समय नहीं होता ?

अ गर्मी ब सर्दी

स बरसात द पतझड़

ख आज शहरी लोग अन्य चीजों के साथ–साथ क्या खरीदने लगे है ?

अ कोल्ड ड्रिंक ब पानी

स पेट्रोल द दूध

ग गद्यांश के अनुसार पानी कहाँ नहीं भरता ?

अ मुंबई ब दिल्ली

स इंदौर द कोलकाता

घ 'पानी' का पर्यायवाची शब्द है ?

अ तटिनी ब नीर

स दिनकर द सरिता

प्र07 नीचे लिखे प्रश्नों के उत्तर लिखिए (कोई तीन) (2X3=6)

क तीनों भाई तैयार होकर कहाँ चल दिए ? वे कितने दिनों तक लगातार चलते रहे ?('तीन बुद्धिमान' पाठ के आधार पर उत्तर लिखिए)

ख निर्धन व्यक्ति के अनुसार रुपये –पैसे के स्थान पर और सोने–चाँदी के स्थान पर क्या होना चाहिए ? ('तीन बुद्धिमान' पाठ के आधार पर उत्तर लिखिए)

ग थर्मामीटर क्या है ? चित्र के साथ वर्णन कीजिए –('नहीं होना बीमार' पाठ के आधार पर उत्तर लिखिए)

घ जब बच्चा बीमारी का बहाना बनाकर बिस्तर पर लेटा रहा तो उसके मन में कौन–कौन से भाव आ रहे थे ? ('नहीं होना बीमार' पाठ के आधार पर उत्तर लिखिए)

प्र08 निम्नलिखित पद्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए– **(1X4=4)**

"माँ कह एक कहानी।"

"बेटा, समझ लिया क्या तूने

मुझको अपनी नानी?"

"कहती है मुझसे यह चेटी,

तू मेरी नानी की बेटी!

कह माँ ,कह, लेटी ही लेटी,

राजा था या रानी ?

राजा था या रानी ?

माँ, कह एक कहानी।"

क उपरोक्त कविता के कवि का नाम है।

अ रामधारी सिंह 'दिनकर' ब मैथलीशरण गुप्त

स महादेवी वर्मा द सुमित्रानंदन पंत

ख बेटा माँ से क्या अनुरोध करता है ?

अ खेलने का ब कहानी सुनाने का

स खाना बनाने का द बाज़ार ले जाने का

ग इस संवाद में माँ का भाव कैसा है ?

अ क्रोधित ब उदास

स हास्यपूर्ण द भयभीत

घ कविता की शुरूआत किससे होती है ?

अ माँ की कहानी से ब बेटे के आग्रह से

स नानी के आगमन से द पिता की स्मृति से

प्र09 नीचे लिखे प्रश्नों के उत्तर लिखिए (कोई तीन) (2X3=6)

क फूल और काँटा' कविता में ऐसी कौन–कौन सी समानताओं का उल्लेख किया गया है ? जो सभी पौधों में समान रुप से लागू होता है ?

ख 'फूल और काँटा' पाठ के आधार पर बताइए कि फूल आकर्षक क्यों होते हैं ?

ग 'माँ कह एक कहानी' पाठ में बगीचे की प्रकृति का चित्रण किस प्रकार किया गया है ?

घ राहुल के पिता ने हंस को क्यों उठाया ? उठाने पर उसके मन में क्या भाव आया ? ('माँ कह एक कहानी' पाठ के आधार पर उत्तर लिखिए)

खंड–'घ' रचनात्मक लेखन (10 अंक)

10. किसी एक विषय पर दिए गए संकेत–बिन्दुओं के आधार पर अनुच्छेद लिखिए (शब्द सीमा 80 –100) (5)

(क) यदि मैं वृक्ष होता

संकेत बिंदु–'वृक्ष बनने की कल्पना ' 'प्रकृति का हिस्सा' 'लाभ प्रदान करना' 'पर्यावरण की रक्षा करने पर जीवन में पछतावा'

(ख) मोबाइल फोन वरदान या अभिशाप

संकेत बिंदु– ' मोबाइल फोन का इस्तेमाल' 'आज की आवश्यकता' 'फैशन व समय नष्ट करना' 'इसका अवांछनीय प्रयोग' ' उपयोगी वस्तु

(ग) जीवन में खेलकूद का महत्त्व

संकेत बिंदु–'खेल क्या होते है''भारत के विशेष खेल' 'खेलों के प्रकार' खेल से स्वास्थ्य को होने वाला लाभ

प्रश्न 11 दिए गए विषयों में से किसी एक विषय पर पत्र लिखिए– (5)

बिजली बोर्ड के मुख्याधिकारी को बार–बार बिजली चले जाने पर होने वाली मुश्किलों से अवगत करवाते हुए पत्र लिखिए।

अथवा

मित्र को पत्र लिखकर यह बताइए कि परीक्षा में अच्छे नंबरों से उत्तीर्ण होने के लिए क्या तैयारी की जा सकती है ?

———00———